# जटिल एंजीयोप्लास्टी कर बचायी ब्रिगेडियर की जान

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हुआ उपचार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रीवा के कार्डियोलॉजी विभाग में 86 वर्षीय सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर देवेन्द्र सिंह का ई.सी.एच.एस. के माध्यम से नि:शुल्क जटिल एंजियोप्लास्टी द्वारा सफलतापूर्वक उपचार किया गया है.**



बताया गया की ब्रिगेडियर देवेन्द्र सिंह रीवा में आयोजित सम्मेलन' में सम्मिलित होने आए हुए थे, इसी दौरान उन्हें अचानक सीने में अत्यधिक दर्द महसूस हुआ.

आपातकालीन परिस्थिति में उन्हें तत्काल सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय के कार्डियोलॉजी विभाग लाया गया जहा वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा विस्तृत जांच और ई.सी.जी. करने पर पाया गया कि मेजर हार्ट अटैक आया हुआ था. उन्हें तुरंत रक्त का थक्का घोलने का इंजेक्शन दिया गया, पर दर्द कम न होने के कारण तत्काल कैथलेब में शिफ्ट कर एंजियोग्रॉफी की गई. जांच में पता चला कि हृदय की प्रमुख धमनी में रक्त का थक्का मौजूद था और उसमें लगभग 99 प्रतिशत रूकावट थी. फिलहाल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. एस.के. त्रिपाठी एवं उनकी टीम ने तत्काल एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया. अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए अवरुद्ध धमनी को सफलतापूर्वक खोला गया तथा स्टेंट प्रत्यारोपित कर हृदय में रक्त प्रवाह को सामान्य किया गया. फिलहाल प्रक्रिया के बाद ब्रिगेडियर की स्थिति स्थिर है और वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं. डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने कहा की ब्रिगेडियर देवेन्द्र सिंह जैसे सैनिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय देश की सेवा और सुरक्षा के लिए समर्पित किया है. ऐसे वीर सैनिकों को समय पर उच्च स्तरीय चिकित्सा उपलब्ध कराना हमारे लिए केवल चिकित्सकीय दायित्व ही नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है.

# जंगल में मिला युवक का रक्तरंजित शव

## मृतक की पहचान के प्रयास के साथ ही जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जून. धर्मनगरी चित्रकूट में सोमवार सुबह एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई। सती अनुसूइया मंदिर रोड स्थित जंगल में सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चित्रकूट-सतना मार्ग से करीब दो किलोमीटर अंदर सती अनुसूइया मंदिर जाने वाले मार्ग के जंगल में सोमवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। शव



मिलने की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर चित्रकूट एसडीओपी राजेश बंजारे एवं थाना प्रभारी गिरिजाशंकर बाजपेई पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष प्रतीत हो रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो सकी थी।

### पुलिस ने जारी किया इश्तिहार

प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर किए जाने के संकेत मिले हैं। पुलिस ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों और जिलों को भी सूचना भेजी जा रही है। इसी कड़ी में इश्तिहार जारी करते हुए मृतक की पहचान करने का प्रयास जारी है।

# पॉच उपनिरीक्षक के साथ 89 पुलिस कर्मियों के हुये तबादले

▶ पुलिस अधीक्षक ने जारी किया तबादला सूची

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जून। पुलिस महानिदेशक के निर्देशानुसार एक ही थाने व पुलिस चौकियों में तीन वर्षो से अधिक समय तक पदस्थ उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षको के पुलिस अधीक्षक सिंगरौली ने तबादला किया है। इस तबादला सूची में 6 उपनिरीक्षक, 9 सहायक उपनिरीक्षक, 24 प्रधान आरक्षक एवं 50 आरक्षक समेत कुल 89 पुलिस सेवको के तबादले किये गये हैं।**

पुलिस अधीक्षक सियाज केएम के द्वारा तबादला आदेश सूची में एसआई सूरज सिंह सरई से बरगवां थाना, उदय चन्द्र करिहार बैढ़न से विंध्यनगर थाना, नीरज सिंह चौकी प्रभारी गोभा थाना बैढ़न से नवानगर थाना, एसआई प्रियंका सिंह बघेल चौकी प्रभारी निवास सरई थाना से विंध्यनगर थाना शामिल हैं। वहीं कार्यवाहक एसआई कौशल प्रसाद कोल बैढ़न थाना से मोरवा थाना एवं एसआई यज्ञलाल कोल जियावन थाना से सरई थाना, एएसआई उपेन्द्र सिंह भदौरिया सरई थाना से माड़ा थाना, कार्यवाहक एएसआई प्रवीण कुमार मरावी मोरवा थाना से एसडीओपी सिंगरौली कार्यालय पदस्थ किया गया है। जबकि एएसआई प्रकाश नारायण कोल सरई थाना से रक्षित केन्द्र, कार्यवाहक एएसआई राजकुमार द्विवेदी एसडीओपी कार्यालय सिंगरौली से चौकी जयंत, शिवमोहन कोल मोरवा थाना से बैढ़न थाना, दिनेश कुमार साकेत नवानगर थाना से जियावन थाना, विशेषर चर्मकार बरगवां थाना से चितरंगी थाना, रामचरण सतनामी गढ़वा थाना से बरगवां थाना, एएसआई मोहनलाल प्रजापति जियावन थाना से बरगवां थाना, प्रआर प्रमोद कुमार चौकी नौडिहवा थाना गढ़वा से थाना चितरंगी, सुरेश कुमार सोनी जियावन थाना से चौकी निगरी, गुलाब सिंह जियावन थाना से बरगवां थाना, विजय बहादुर चौकी कुंदवार थाना जियावन से सरई थाना, राजनारायण सिंह थाना बरगवां से रक्षित केन्द्र, ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह चौकी निवास थाना सरई से बैढ़न थाना, प्रवीण सिंह कर्चुली नवानगर थाना से मोरवा थाना, अनूप मिश्रा बरगवां थाना से बैढ़न थाना, मोहन लाल नाई यातायात थाना से रक्षित केन्द्र के अलावा अन्य प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक शामिल हैं।

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 घायल, 2 गंभीर

## रामपुर नैकिन थाना के कोदईडाड़ गांव में भीषण सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 जून. जिले के रामपुर नैकिन थानांतर्गत कोदईडाड़ गांव में सोमवार दोपहर मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में पांच मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिनमें से दो की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।**

जानकारी के मुताबिक, यह ट्रैक्टर-ट्रॉली बिजली के टावर बनाने के काम में लगे मजदूरों को लेकर चुरहट की तरफ जा रही थी। दोपहर करीब 3 बजे कोदईडाड़ के पास एक मोड़ पर



ड्राइवर ने गाड़ी पर से अपना नियंत्रण खो दिया, जिसकी वजह से ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर की रफ्तार बहुत तेज थी, इसी वजह से यह हादसा इतना बड़ा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। सभी घायलों को रामपुर नैकिन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। 108 एंबुलेंस के ईएमटी रवि शुक्ला ने बताया कि कुल पांच गंभीर रूप से जख्मी लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। घायलों में शामिल शिव प्रसाद रावत और आशा रावत के सिर और पेट में गंभीर चोटें आई हैं। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टर्स ने प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया है। इसके अलावा मुन्ना, रामनाथ और सानू रावत भी इस हादसे में जख्मी हुए हैं, जिनका इलाज रामपुर नैकिन अस्पताल में ही चल रहा है।

### दुर्घटना के समय 15 मजदूर सवार थे

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली में 15 से ज्यादा मजदूर सवार थे, जिनमें से कई लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। इस पूरे हादसे के बाद एक हैरान करने वाली बात सामने आई। ट्रैक्टर का ड्राइवर पलटे हुए वाहन को सीधा करने में कामयाब रहा और इसके बाद वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाला पति गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक ने अंधे कत्ल का किया खुलासा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 जून. थाना बहरी अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सड? के किनारे एक अज्ञात महिला के अधजले शव के मामले का आज पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खुलासा करते हुए कहा कि पत्नी की हत्या कर शव जलाने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 6 जून 2026 को थाना बहरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुअरा कला में सड? किनारे एक अज्ञात महिला का अधजला शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना बहरी पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई।

### साक्ष्य मिटाने का प्रयास

विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों, परिजनों के कथनों एवं अन्य परिस्थितिजन्य तथ्यों से यह स्पष्ट हुआ कि भरण-पोषण राशि एवं पैसों के विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आरोपी सुरेश नामदेव ने अपनी पत्नी ममता नामदेव की हत्या कर दी। अपराध को छिपाने की नीयत से आरोपी ने शव को बोरे में भरकर ग्राम दुअरा कला के पहाड़ी मार्ग के किनारे ले जाकर फेंक दिया तथा पहचान मिटाने एवं साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से शव पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी।

# देवसर बाजार में फिर भड़की आग, गौरव साइकिल स्टोर जलकर खाक

▶ फायर ब्रिगेड नदारद, व्यापारियों और नागरिकों ने संभाला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जून। देवसर बाजार में आगजनी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार की रात करीब 9 बजे बाजार स्थित गौरव साइकिल स्टोर में अचानक भीषण आग लग गई।**

देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया



और साइकिलों, स्पेयर पाट्‌र्स सहित बड़ी मात्रा में रखा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। दुकान से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आसपास स्थित दुकानों तक आग फैलने का खतरा पैदा हो गया। ऐसे में स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने बिना समय गंवाए बाल्टियों, पाइप और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के दौरान सबसे बड़ा सवाल अग्निशमन व्यवस्था को लेकर खड़ा हुआ। देवसर और चितरंगी जैसे बड़े क्षेत्र, जहां जिला खनिज प्रतिष्ठान मद में करोड़ों रुपये उपलब्ध हैं, वहां आज तक स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नहीं हो सकी है। नतीजतन हर आगजनी की घटना में स्थानीय लोगों को ही मोर्चा संभालना पड़ता है।

### 12 से 18 तक होंगे जनकल्याण शिविर का आयोजन

**सतना 8 जून.** सतना जिले में 12 से 18 जून 2026 की अवधि में जिले के प्रत्येक विकास खण्ड/नगरीय निकाय मुख्यालयों पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिनमें केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण किए जायेंगे। शिविर 03 दिवसीय होगा। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में शिविर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

# अमिलिया पुलिस ने सिरप के साथ आरोपी पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 जून. थाना अमिलिया पुलिस ने दबिश कार्रवाई करते हुए अवैध कोडीन युक्त ऑनरेक्स कफ सिरप के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 07 जून 2026 को थाना अमिलिया पुलिस की टीम अपराध विवेचना एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम कोदौरा में मौजूद थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अवैध रूप से कोडीन फॉस्फेट युक्त ऑनरेक्स कफ सिरप लेकर हनुमना की ओर



से हिनौती आ रहा है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम द्वारा स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में ग्राम हरदी स्थित मुड़ा पहाड़ शिव मंदिर के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति विक्रांता मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ एवं वैधानिक कार्यवाही की गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे बैग से 26 शीशी ऑनरेक्स कफ सिरप (प्रत्येक 100 एमएल) बरामद हुई, जिसमें कोडीन फॉस्फेट पाया गया। आरोपी से उक्त मादक पदार्थ के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, किंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। जप्त सामग्री में 26 शीशी कोडीन युक्त ऑनरेक्स कफ सिरप अनुमानित कीमत10,400 रुपये, विक्रांता मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 53 एमजी 3612 अनुमानित कीमत 70 हजार, कुल जप्त सामग्री की कीमत 80,400 रूपये है। गिरफ्तार आरोपी में रत्नेश सोनी पिता हरिप्रसाद सोनी उम्र 29 वर्ष निवासी हिनौती, थाना अमिलिया, जिला सीधी है।



# नेपाल में चमके सिंगरौली के नन्हें कराटे सितारे

## 10 पदक जीतकर जिले और देश का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जून। नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित 12वीं माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में सिंगरौली के नन्हें कराटे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 3 रजत एवं 5 कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीतकर जिले और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समारोह में कलेक्टर गौरव बैनल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।**

प्रतियोगिता में संयुक्ता सिंह अंडर-7 एवं सिगिनाम नित्या अंडर-12 ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का तिरंगा लहराया। वहीं शौर्य पिपलिया अंडर-8, अवनीश अग्रवाल अंडर-13 और श्रेयाशी शर्मा अंडर-10 ने रजत पदक अपने नाम किए। कांस्य पदक विजेताओं में मणिकर्णिका दुबे अंडर-10, प्रतिष्ठा सिंह राठौर अंडर-9, शुभी अग्रहरि अंडर-9, साई कृष्णा आचार्य अंडर-13 तथा आर्यांश भारद्वाज अंडर-8 शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कलेक्टर ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कलेक्टर ने प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं पूरी खेल इकाई को बधाई देते हुए कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग देगा। उन्होंने मुख्य कोच गणेश सिंह को शासकीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावासों में विशेष कराटे प्रशिक्षण शुरू करने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मरक्षा और खेल कौशल का बेहतर प्रशिक्षण मिल सके।

# सतना में हुआ तीन जिलों का परिचायक वर्ग

नवभारत न्यूज

**सतना, 8 जून. भारतीय शिक्षण मण्डल महाकौशल प्रांत सतना( चित्रकूट ), रीवा, मैहर एवं कटनी जिले के कार्यकर्ताओं हेतू परिचायक वर्ग 6-7 जून 2026 को श्री रामाकृष्ण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट कॉलेज कुठार सोहावल में भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत का**



**चौथा परिचायक वर्ग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।**

परिचायक वर्ग में दिनांक 6 जून 2026 को सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं पंजीयन किया गया एवं भोजन उपरांत रात्रि में सभी का परिचायक वर्ग के विषय में महत्व एवं परिचय हुआ, दिनांक 7 जून 2026 को सुबह 6:00 बजे एकात्मता स्त्रोत का वाचन एवं योग साधना के साथ ही अभ्यास वर्ग का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की उद्घाटन सत्र में मां सरस्वती जी की पूजा एवं प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन सभी सम्माननीय अतिथियों द्वारा की गई इसके बाद प्रथम सत्र के वक्ता अशोक मिश्रा सेवानिवृत्ति रक्षा मंत्रालय ने विषय - भारतीय शिक्षा दर्शन एवं शिक्षा मे भारतीयता पर बड़े ही विस्तार से अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। श्रीमद् भागवत गीता को आधार मानकर श्रुति और संस्कृति के चार वेद मनुस्मृति शिक्षा ज्ञान की व्याख्या गुरु शिष्य परंपरा वर्तमान पीढ़ी और भविष्य पीढ़ी, उपनिषद सनातन शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा दर्शन आनंद और सुख आदि विषयों पर विस्तार से ध्यान आकर्षित किया.

# पोलियो अभियान की तैयारियों की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जून। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार बैढ़न में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर शत.प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विकासखंडवार माइक्रो प्लान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले के दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों, निर्माण स्थलों तथा प्रवासी परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से अभियान के दायरे में लाया जाए,

# महारानी कीर्ति कुमारी सम्मान मिला राजस्थान की डॉ . कविता किरण को

## सुषमा सिंह और विनोद तिवारी छत्तीसगढ़ की सरगम और मुंबई की अल्का का सम्मान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 जून. भक्तिकाल की महत्वपूर्ण कवित्री रीवा रियासत की महारानी कीर्तिकुमारी के नाम पर सम्मान आरम्भ करने की शुरुआत करते हुए पूर्वी विंध्य की दो अन्य महत्वपूर्ण कवित्रियों के नाम पर भी सम्मान जारी किए गए।**

कवि सत्येन्द्र सेंगर और प्रख्यात नाट्य लेखन, निर्देशक हीरेंद्र सिंह ने शिल्पी इंफ्रा रीवा और मानस मंडल के आग्रह पर तीनों कवित्रियों के अवदान को उपलब्ध कराते हुए इसकी कार्य योजना तैयार की और विंध्य में आरम्भ हो गया समारोह कीर्ति निशा। कीर्ति निशा से रीवा की साहित्यिक कीर्ति देश भर में पहुंचेगी। ऐसे आयोजन देश की सांस्कृतिक और साहित्यिक परंपरा को समृद्ध करते हैं। उक्त विचार कीर्ति निशा के मुख्य अतिथि इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महारानी कीर्ति कुमारी का रचना संसार हमारी विरासत है जो विंध्यभूमि की आध्यात्म और धर्म के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। उक्त उद्बोधन महारानी कीर्ति कुमारी के स्मरण प्रसंग में आयोजित अखिल भारतीय कवित्री सम्मेलन और सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि इंजीनियर राजेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किए। आयोजन के विशिष्ट अतिथि पंकज सिंह पंकू ने कहा कि महिलाओं की कलम वैदिक काल में भी ताकतवर थी, भक्तिकाल में भी रही और आधुनिक काल में भी है। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरीश सिंह रहे। कार्यक्रम की



अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्रिका चन्द्र ने की। मानस मंडल रीवा और शिल्पी इंफ्रा के इस आयोजन में अतिथि कवित्रियों के रूप में सम्मानित हुई देश की आधी दुनियाँ की कलम। समारोह में पूर्वी विंध्य की तीन कवित्रियों के नाम पर सम्मान प्रदान किए गए। महारानी कीर्ति कुमारी सम्मान मिला राजस्थान की डॉ. कविता किरण को। सुषमा सिंह सम्मान छत्तीसगढ़ की डॉ संगीता सरगम को और डॉ श्रीमती विनोद तिवारी सम्मान से सम्मानित किया गया मुंबई की अलका शरर को। सम्मान में शॉल, श्रीफल, क्मृति चिन्ह के साथ सम्मान पत्र एवं 11 000 रुपए सम्मान निधि प्रदान की गई। सम्मान परिचय का वाचन श्रीमती रेणु शुक्ला ने किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक लेखक हीरेंद्र सिंह के साथ समाजसेवी अशोक सिंह, प्रदीप गौतम सुमन, अभिनेता राजेंद्र सोनी, वीरेंद्र शर्मा रामचंद्र सोनी, विजय विश्वकर्मा, अनीश शुक्ला, दिलीप गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता कवि भृगुनाथ पाण्डेय, प्रद्युम्न नामदेव, कवित्री अरुणा पाठक, और इंदिरा अग्निहोत्री आदि की गरिमामई उपस्थिति थी। आयोजित कवित्री सम्मेलन में देश की ख्यातिलब्ध कवित्रियों ने रचनापाठ किया जिनमें गीत गजलों की सुप्रसिद्ध कवित्री और सफल मंच संचालिका डॉ. कविता किरण के साथ शायरा अलका शरर

मानस मंडल की ओर से मंच पर अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप सिंह बघेल, सचिव डॉ संतोष अवधिया ने मंच पर विराजमान रहे । अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान मानस मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन संयोजन तथा आयोजन समिति की ओर से सत्येन्द्र सेंगर ने किया.

### सरगम के गीतों ने बांधा समां

मुंबई की शायरी तथा छत्तीसगढ़ की डॉ. संगीता सरगम के गीतों ने समा बांध दिया। मानस मंडल की ओर से होने वाले इस आयोजन में शहडोल से आमंत्रित कवित्री किरण सिंह शिल्पी और रीवा की अन्य कवित्रियों ने रचनापाठ किया जिनमें शामिल हुई डॉ सरिता सलिल, डॉ वर्षा सिंह, गीता शुक्ला गीत, तारा त्रिपाठी के साथ अपूर्वा चतुर्वेदी और अनुराधा पांडेय ।

पश्चिम मध्य रेल
O/o. Chief Administrative Officer/Con., WCR/HQ, Jabalpur.
सार्वजनिक सूचना
तीव्र गति से ''स्पीड ट्रॉयल''
**फुलवारी-देवेन्द्रनगर स्टेशनों के बीच दि. 10.06.2026 को सतना-पन्ना नई रेल लाईन खण्ड पर किया जायेगा, जिसके उपरांत फुलवारी-देवेन्द्रनगर खंड के बीच नियमित रेल यातायात प्रारंभ हो जाएगा**
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक **10.06.2026** को पश्चिम मध्य रेल द्वारा सतना-पन्ना नई रेल लाईन खण्ड पर **फुलवारी-देवेन्द्रनगर** स्टेशनों के बीच तीव्र गति से **''स्पीड ट्रॉयल''** किया जायेगा, जिसके उपरांत **फुलवारी-देवेन्द्रनगर** खंड के बीच नियमित रेल यातायात प्रारंभ हो जाएगा। कृपया ध्यान रहे कि रेलवे भूमि के अन्दर, खुले हुए समपार फाटक के अलावा, अनाधिकृत रुप से प्रवेश करना भारतीय रेल अधिनियम की धारा 147 के तहत गैरकानूनी है जिसमें 6 माह की जेल अथवा रु. 1,000/- अथवा दोनों दण्डों का प्रावधान है। **सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि समपार फाटक से पार करते समय भी सभी नियमों का पालन करें एवं ऐसा तभी करें जब पार करना सुरक्षित हो और दोनों दिशाओं से ट्रेन न आ रही हो।**
*CE/C-IV/HQ, JBP*